A GUILD OF THE GOAT INITIATIVE

वीडियो रिकॉर्डिंग और सबमिशन दिशानिर्देश

कृपया बरगद आवेदन के वीडियो भागों को जमा करने से पहले इन्हें पढ़ लें।

वीडियो सबमिशन दिशानिर्देश:

1. फ़ाइलों का नाम इस प्रारूप में होना चाहिए

- व्यक्तिगत संदर्भ प्रश्न के लिए: 'नाम व्यक्तिगतसंदर्भ जन्म-तिथि'

उदाहरण: अनिरुद्ध व्यक्तिगत संदर्भ**_02061999/anirudh_vyaktigatsandarbh_02061999**

- उद्देश्य कथन प्रश्न के लिए वीडियो को 1 या 2 क्रमशः उस प्रश्न के आधार पर संख्यांकित करें, जिसका आप उत्तर दे रहे हैं।

  उदाहरण: अनिरुद्ध_उद्देश्यकथन**2_02061999/anirudh_uddeshyakathan_02061999**

- ऑडिशन वीडियो के लिए 1 या 2 क्रमशः उस प्रश्न के आधार पर संख्यांकित करें, जिसका आप उत्तर दे रहे हैं।

  उदाहरण: अनिरुद्ध ऑडिशन**102061999/anirudh_audition_02061999**

कृपया अपनी जन्मतिथि को दिन/महीना/वर्ष *(ddmmyyyy)* प्रारूप में लिखें, बिना किसी स्पेस, स्लैश या हाइफन के।

2. आप निम्न तरीके से अपना वीडियो भेज सकते हैं:

- ऑनलाइन फॉर्म के रूप में फ़ाइल अपलोड करके
- अनलिस्टेड यूट्यूब लिंक के रूप में - लिंक को ऑनलाइन फॉर्म में सही जगह पर पेस्ट कीजिये।

कृपया नीचे दिए गए गाइड देखें कि यूट्यूब पर अनलिस्टेड वीडियो कैसे अपलोड करें:

वीडियो गाइड: https://www.youtube.com/watch?v=YCkFMvqD_x0

लेख: https://sites.uab.edu/apex/for-mph-students/youtube-video/

- अपलोड करने के छः महीने बाद तक उस लिंक को ना हटाएँ।

वीडियो को कैसे रिकॉर्ड करें:

- रिकॉर्ड करते वक़्त कैमरे को स्थिर रखें, आँख के लेवल पर लैंडस्केप मोड में।

- बैकग्राउंड में हो सके तो अनचाही ध्यान आकर्षित करने वाली चीज़ें न रखें।
- पीछे का शोर कम से कम रखें
- अच्छी रोशनी में रिकॉर्ड करें। दिन की रोशनी में रिकॉर्ड करना बेहतर होगा, लेकिन आप अपने घर में जो लाइट्स हैं, उनका भी इस्तेमाल कर सकते हैं।
- फॉर्म के पार्ट 2 के लिए - कैमेरा में कमर से ऊपर तक का हिस्सा आना चाहिए।
- फॉर्म के पार्ट 3 के लिए-
    - वीडियो *1* - मोनोलॉग के लिए*:*

      - मिड शॉट में फ्रेम करें (मिड शॉट का मतलब है आपकी कमर से सिर तक)।

      - बैठें या खड़े रहें, जो भी सीन के लिए उपयुक्त लगे।

      - कैमरे से ज्यादा दूर न जाएं (जब तक आपके पास बाहरी माइक्रोफोन न हो)
    - वीडियो *2* - परफॉर्मेंस वीडियो के लिए*:*

      - फ्रेम को वाइड शॉट में रखें ताकि आपका पूरा शरीर दिख सके।

- सभी वीडियो को एक ही टेक में रिकॉर्ड करें, बिना किसी कट या जर्क के।